## खबर संक्षेप



### आंगनवाड़ी केंद्र में कन्या भोज का आयोजन

**बड़वारा।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 बड़वारा में कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 कन्याओं को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा श्रीमती प्रभा टेकाम , नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह एवं परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू बड़वारा, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक प्रियंका पांडे, अर्पिता प्यासी , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्रोपती चौधरी, काशी विश्वकर्मा, ज्योति निगम, संतोष निगम, राजेश चौधरी की उपस्थिति में सर्वप्रथम देवी पूजन अर्चन के पश्चात सभी कन्याओं का टीका बंदन कर चुनरी चढ़ाकर पूजन किया गया एवं सभी कन्याओं को सब्जी, पूरी ,खीर ,हलवा ,जलेबी ,फल इत्यादि का भोजन कराया गया एवं विभिन्न प्रकार के उपहार वितरित किए गए। परियोजना अधिकारी एवं क्षेत्रीय पर्यवेक्षक के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को पोषण युक्त आहार, स्वच्छता, कुपोषण से बचाव के तरीके इत्यादि विषय पर समझाइश दी गई।

### विजयादशमी पर्व पर राज्य मंत्री करेंगे शस्त्र पूजन

**कटनी।** कटनी में सांस्कृतिक विरासत विजयादशमी पर्व पर 2 अक्टूबर को प्रदेश के संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी शस्त्र पूजन करेंगे। राज्य शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों में शस्त्र पूजन के कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी ससम्मान आमंत्रित करने के निर्देश दिए गये हैं।

### कलेक्ट्रेट में रक्तदान शिविर मंगलवार को

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मंगलवार 30 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर के व्यवस्थित आयोजन के लिए सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. यशवंत वर्मा ने डॉ. कनिका बुनकर मेडिकल ऑफिसर सहित 7 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें लैब टेक्नीयन जय वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर प्रियंका वर्मा, लैब टेक्नीशियन द्रव सूजर लोधी व हरिलाल चौधरी सहित महेन्द्र सेन व अरूण पटेल की ड्यूटी लगाई गई है।

### महापौर ने पार्षदों के साथ माता की आरती कर लिया आशीर्वाद



**कटनी।** नगर निगम प्रांगण के नवनिर्मित मंदिर में नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना धार्मिक वातावरण के बीच विधि-विधान से पूजन अर्चन उपरांत मां दुर्गा की जयकारों के साथ संपन्न हुई। माता की प्रतिमा के स्थापना उपरांत महापौर श्रीमती सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं पार्षद साथियों के साथ माता की आरती कर माता का आर्शीवाद लिया तथा नगर वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, पार्षद उमेन्द्र अहिरवार, शशिकांत तिवारी, श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, कमलेश चैधरी,उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, पारसनाथ प्रजापति, महेंद्र उपाध्याय, आदित्य मिश्रा, आलोक तिवारी, कामता प्रसाद, गिरिराज पाठक सहित निगम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# मां की महिमाः खौतले तेल में कूदते थे राजा कर्ण, प्रसन्न होकर मां चंडी देती थी सवा मन सोना



## अद्भुत रहस्य संजोए है बिलहरी स्थित मां चंडी देवी मंदिर, शारदेय नवरात्र में पूजा अर्चना करने उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नवरात्र पर्व में चहुंओर भक्ति की बयार बह रही है। मंदिरों में पूजन अर्चन करने के लिए सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में रंगीन झिलमिलाती विद्युत झालरों से सुसज्जित एवं आकर्षक पंडालों में मां दुर्गा के विविध रूपों वाली प्रतिमाओं के दर्शनार्थ खासी भीड़ उमड़ रही है। देवी मां के जयकारे गूंज रहे हैं। गरबा के आयोजनों से मातारानी की भक्ति की जा रही है। भगतों का गायन चल रहा है। जिले के विभिन्न तहसीलों देवी मां के ऐसे भी मंदिर बने हैं जहां देवी मां के चमत्कारों की महिमा की किवदंतियां भक्तों की आस्था को और भी गहरी करती हैं। जिला

जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर पुष्पावती नगरी नाम से प्रख्यात बिलहरी जो कभी राजा कर्ण की राजधानी हुआ करती थी। यहाँ पर विराजी है माँ चंडी जो प्रतिदिन राजा कर्ण को सवा मन सोना दिया करती थी। राजा उसे जरूरतमंदों को दान कर देते थे। ऐसी कृपा बरसाने वाली मां के दर्शन पाने भीड़ उमड़ रही है। यहां के हरेक पत्थर पर नक्काशी व कलाकृतियां खुद व खुद अपने समग्र की सुंदरता का इतिहास उजागर कर रही है। इन्ही सब कलाकृतियों के बीच स्थित है माँ चण्डी का भव्य मंदिर।

### प्रजा को दान कर देते थे सोना

मंदिर के पंडा रोहित प्रसाद माली ने बताया कि यहां राजा कर्ण राज्य करते थे और प्रतिदिन प्रजा को सोना दान करते थे। राजा कर्ण सूर्योदय से पूर्व स्नान करके चंडी देवी मंदिर जाते थे। इसके बाद विशाल कड़ाह में तेल तो गर्म करते जब तेल उबलने लगता था तब राजा कर्ण कूद जाते थे। इसके बाद देवी उन पर अमृत छिड़कर जीवित करती थी और ढाई मन सोना प्रदान करती थी। देवी से प्राप्त सोना राजा रोज सुबह सवा मन सोना प्रजा को दान में दिया करते थे।

### ऐसे खुला सोना मिलने का रहस्य

राज कर्ण रोज गरीबो को सवा मन सोना दान करते थे लेकिन इतना सोना उनके पास आता कहा से है था इस रहस्य को जानने की हिमाकत किसी ने नही की फिर इस रहस्य का खुलासा राजा विक्रमादित्य ने किया था। वे एक बालक की खोज में बिलहरी आये हुए थे। विक्रमादित्य के राज्य में कोई बुढ़िया माई रहती थी जो रोज चक्की पीसते समय कभी रोती थी तो कभी हंसती थी। वेश बदलकर प्रजा का सुख दुख जानने जब रोज की तरह रात में विक्रमादित्य वहां से गुजरे तो माई से हँसने व रोने का कारण पूछा जिस पर बुढ़िया माई ने बताया कि उसका जवान बेटा 20 वर्षो से खोया हुआ है जिसके बाद में वो रो पड़ती है ओर कभी आएगा इसी आस में हंस पड़ती है। राजा विक्रमादित्य ने फिर उस युवक की खोज में जुट गए। खोज के दौरान ही राजा विक्रमादित्य बिलहरी नगर पहुंची और राजा के सोना दान की कहानी सुनी तो इस बात का पता लगाने के लिए वे जुट गए। जब राजा कर्ण को देवी के मंदिर में उबलते तेल में कूदते एवं देवी मां द्वारा जीवित करने के बाद सोना प्रदान करते देखा तो यह रहस्य उजागर हुआ।

## कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, सेवा पखवाड़ा अभियान की समीक्षा

# कलेक्टर को डीईओ नहीं दे पाए जानकारी, पांच जनपद सीईओ को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन शिकायतों, समग्र ई-केवाईसी, सेवा पखवाड़ा आदि की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान निगम आयुक्त तपस्या परिहार एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र मौजूद रहे।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान, कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुये कहा कि 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने माइनिंग, श्रम विभाग और पीएचई को भी अपनी रैंकिंग में सुधार लाने की हिदायत दी। साथ ही, उन्होंने झूठी सीएम हेल्पलाइन शिकायकर्ताओं की भी जानकारी उपलब्ध कराने विभागों को निर्देशित किया।

इसी प्रकार समाधान ऑनलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने राजस्व विभाग को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से संबंधित लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला और बाल विकास विभाग को भी शिकायतें संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को समग्र ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र आईडी को डी-लिंक करने की सर्वाधिक अनुसंशा करने वाले जनपद पंचायत सीईओ रीठी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, बड़वारा व ढीमरखेड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने राशन मित्र पोर्टल पर ई-केर्वासी की समीक्षा करते हुये जिला आपूर्ति अधिकारी को लंबित हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूरी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार उन्होंने पेंशन ई-केवाईसी की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती बच्चों की संख्या की समीक्षा की। उन्होंने आभा आईडी, आदि कर्मयोगी अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं अपार आईडी के नवीन पंजीयन की समीक्षा के साथ-साथ खरीफ गिरदावरी के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के अंतर्गत जिले में कितनी अपार आईडी बनाई गई इसकी जानकारी न दे पाने पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की।

### लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर ने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को भू-अर्जन और आवंटन के प्रकरणों पर डिवीजनल अधिकारियों से समन्वय करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने कलेक्टर न्यायालय में भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की।

बैठक के दौरान सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक एवं कलेक्टर ने किया नवीन संयुक्त तहसील भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को अमकुही में नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन का सोमवार को अवलोकन किया। सोमवार से यहां एस.डी.एम. कार्यालय कटनी, तहसीलदार कटनी नगर, तहसीलदार कटनी ग्रामीण, नायब तहसीलदार मुडवारा-2 (मझगवां-कन्हवारा) एवं नायब तहसीलदार पहाड़ी के कार्यालयों का संचालन शुरू हो गया है।

इस दौरान दीपक टंडन सोनी जिला भाजपा अध्यक्ष, प्रमोद चतुर्वेदी एसडीएम, ज्योति लिल्हारे डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार कटनी नगर, आशीष अग्रवाल, तहसीलदार कटनी, अजीत तिवारी, अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाडी एवं अवंतिका तिवारी नायब हसीलदार मुडवारा-2 ग्रामीण तथा समस्त स्टाफ एवं अधिवक्तगणों की उपस्थिति रही।

विधायक जायसवाल और कलेक्टर तिवारी ने नवनिर्मित भवन का भ्रमण कर कक्षों का अवलोकन किया। इस मौके पर विधायक श्री जायसवाल ने अधिवक्ता मनोज बाझल के आग्रह पर विधायक निधि से अधिवक्ताओं के बैठने के लिए टीन शेड विधायक निधि से निर्माण कराये जाने की घोषणा की गयी तथा नवीन संयुक्त भवन में 2 आरओ एवं 2 वाटर कूलर सेट एवं कार्यालय के सभाकक्ष में माईक सेट-सिस्टम एवं एक एसी विधायक निधि से प्रदाय किये जाने की घोषणा की गयी।

इस अवसर पर कलेक्टर ने सभाकक्ष में वीडियों कॉन्प्रेंस सहित प्रोजेक्टर ई-गर्वनेंस के माध्यम से लगवाने के निर्देश दिए गए। विधायक द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रवेश मार्ग में अत्यधिक ढलान होने से दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये रिंग रोड के माध्यम से प्रवेश मार्ग चौड़ा करने हेतु आवश्यक सुधार किये जाने हेतु कार्यपालन यंत्री पीआईयू को निर्देश दिये गये। विधायक द्वारा नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन में कार्य प्रारम्भ होने के लिये एसडीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनायें दी एवं सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी। शासन के निर्देशों के तहत आम जनता को अधिक से अधिक शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा ऐसी आशा व्यक्त की।

# पर्व में सुरक्षा के व्यापक इंतजार, की जा रही गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन सीएसपी संतोष डेहरिया तथा अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त, पैदल पेट्रोलिंग एवं सतत निगरानी की जा रही है।

जिले के सभी प्रमुख दुर्गा पंडालों एवं विसर्जन घाटों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। प्रमुख मंदिरों एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अतिरिक्त गश्त लगाई गई है। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों को विशेष ड्यूटी पर लगाया गया है। पंडालों, प्रमुख मंदिरों एवं विसर्जन स्थलों के आसपास ट्रैफिक पुलिस को अतिरिक्त ड्यूटी पर लगाया गया है ताकि यातायात सुचारू एवं व्यवस्थित रहे। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है, आवश्यकता अनुसार ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जा रहा है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु रिजर्व फोर्स को तैयार रखा गया है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि नवरात्रि पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दें।

### दो दिवसीय गरबा का आयोजन, पुरस्कार किये गए वितरित



**कटनी।** जन शिक्षा संस्थान में नवरात्रि महापर्व की उपलक्ष में गरबा कार्यक्रम का दो दिवसीय आयोजन किया गया इसमें ब्यूटी केयर असिस्टेंट और एडवांस दरजी के लाभार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग दिया लगभग 70 से 80 महिलाओं और लड़कियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और बड़े हर्ष उल्लास से दोनों दिन अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया जिसमें द्वितीय दिवस पर उन्हें प्रथम द्वितीय तिथि एवं चतुर्थ पुरस्कार दिया गया। यह कार्यक्रम जन शिक्षा संस्थान की निदेशक श्रीमती लाली सिंह के निर्देशन में किया गया। इस काम को सभी ने बहुत अच्छी शुरुआत माना।

# 76500 रूपए की अवैध शराब सहित कार किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





विजयराघवगढ़ पुलिस ने कार से शराब की तस्करी कर रहे आरोपित को गिरफ्तार करते हुए कार को जब्त किया है। पुलिस ने ग्राम सिंघवारा गेट रोड पर दबिश देकर एक मारुति सुजुकी कार से 17 पेटी देशी प्लेन शराब (कुल 153 लीटर, कीमत लगभग 76,500 रुपये) जब्त की है। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रीतेश शर्मा के नेतृत्व में की गई।

पुलिस टीम ने कार (क्रमांक एमपी 21 सीए 5948) को रोककर जांच की, जिसमें प्रत्येक कार्टून में 50-50 पाव की कुल 17 पेटियां शराब सीलबंद हालत में पाई गईं। आरोपी के पास शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वाहन सहित शराब जब्त कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया, साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, सउनि जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अंजनी झा व पप्पू प्रजापति आदि की विशेष भूमिका रही।

### सवा किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

बड़वारा पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर सवा किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर यह कार्यवाही की। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं डीएसपी उमराव सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार 28 सितंबर को सउनि महेश प्रताप सिंह गश्त के दौरान ग्राम पथवारी स्थित देव महाराज मंदिर के पास पहुंचे। वहां एक व्यक्ति थैला लिए संदिग्ध हालत में बैठा था। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामचरण यादव पिता लालादीन यादव उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पथवारी थाना बड़वारा बताया।उसके कब्जे से बरामद गांजा का कुल वजन 1 किलो 232 ग्राम पाया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कटनी में पेश किया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, सउनि विक्रम सिंह, प्रआर पवनराज, प्रआर वीरेन्द्र कुमार चढ़ार, आरक्षक संतोष यादव, रवि कोरी, शिवकुमार तिवारी और बृजलाल की विशेष भूमिका रही।

## सालभर मंदिर में उमड़ती हैं श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# दैवीय शक्ति से रातोंरात बनकर तैयार हुआ था बड़ी माई का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



आस्था और विश्वास का केंद्र उमरियापान स्थित बड़ी माई का मंदिर कल्चुरी राजाओं के शासन काल में दैवीय शक्ति से एक ही रात में बनकर तैयार हुआ था। सुबह होते ही लोगों को एक विशाल मंदिर बना मिला। मंदिर का निर्माण कब और कैसे हुआ इसे किसी ने नहीं देखा था। मंदिर में प्राचीनतम समय पुराने पत्थर और शिलालेख भी है। पूर्वजों और गांव के बुजुर्गों के बताए अनुसार दैवीय शक्ति से रातों रात बड़ी माई मंदिर बनकर तैयार हुआ है। पहले मंदिर के आसपास बहुत ही घनी झाड़ियां रही। जंगली जानवरों के रहते लोगों को मंदिर पहुंचने में कठिनाई होती थी।

कई दशकों बाद श्रद्धालुओं ने धीरे-धीरे मंदिर का भव्य निर्माण कराया। बड़ी माई का मंदिर शदियों से लोगों की आस्था और मन्नतों का केंद्र बना हुआ है। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपने यहाँ कोई शुभ कार्यक्रम करता हैं तो सबसे पहले मातारानी को निमंत्रण देता है। माता के दरबार में हाजिरी लगाने वाले भक्तों का पूरे सालभर आगमन लगा रहता है। नवरात्र के दिनों में तो मंदिर में भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। मातारानी के मंदिर में (चैत्र और क्वांर) दोनों फसली की नवरात्रि में जवारे बोये जाते हैं। नवरात्रि के 9 दिन पूरे होने पर गांव में धूमधाम से जवारों का विसर्जन होता है। क्षेत्र व आसपास के श्रद्धालुओं द्वारा दंड भराई, अठमाई, कन्या भोज सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर आस्था के साथ बड़ी माई की पूजा करते हैं।

### पहले दिन से उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

बड़ी माई मंदिर में मातारानी के साथ भगवान श्रीगणेश,श्रीराम जानकी दरबार, राधा कृष्ण, बद्री विशाल भगवान, लक्ष्मी विष्णु भगवान, हनुमान महाराज, पार्वती भोलेनाथ, माता दुर्गा और भगवान विश्वकर्मा का मंदिर है। यहाँ पहुँचे श्रद्धालुओं को एक साथ सभी देवी देवताओं के दर्शन होते हैं। मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। सुबह से श्रद्धालु मंदिर पहुँचकर मातारानी को जल, पुष्प, प्रसाद अर्पित कर माता रानी का पूजन करते है। शाम को भी मंदिरों में श्रद्धालु मातारानी का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर में महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती हैं।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को भेजा जेल

**कटनी।** बहोरीबंद थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया ने बताया कि फरियादी श्यामसुंदर सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम सिदुरसी निवासी नर्वद सिंह लोधी (52) ने ₹अपना ग्राम सिंदुरसी₹ नामक व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा की है। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 299 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को तलाश कर गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया। उसके कब्जे से आपत्तिजनक पोस्ट डालने में प्रयुक्त मोबाइल जब्त किया गया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल वारंट पर जिला जेल कटनी भेजा गया।

# जिले के 1 लाख 73 हजार बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो निरोधी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी बूथ मे ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवायें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पल्स पोलियों के अतिरिक्त चरण के अंतर्गत रविवार 12 अक्टूबर को जिले मे स्थापित सभी पोलियों बूथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाए। अगर कोई बच्चा इस तिथि को दवा पीने से वंचित रहता है तो 13 एवं 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर दवा पिलाने की व्यवस्था करें । कलेक्टर श्री तिवारी ने सोमवार को आयोजित बैठक में निर्देशित किया है कि अभियान के अंतर्गत कोई भी बच्चा दवा पिलाने से वंचित नहीं रहे इस दिशा मे सभी प्रकार की व्यवस्थांए सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कुल 1670 बूथों में अभियान का आयोजन किया जायेगा। बूथ बी टाईप के 1386 , सी टाइप के 182 तथा 27 मोबाइल टीमों के 75 ट्रांजिट बूथों में जीरो से 5 वर्ष तक के 1 लाख 73 हजार 418 बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीनेशन की खुराक पिलाई जायेगी। इस कार्य हेतु 3 हजार 354 कर्मचारी तथा 162 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। अभियान के दौरान 43 फोर व्हीलर वाहन एवं 242 टू व्हीलर वाहन संलग्न होंगे।

## खबर संक्षेप

### मसुरहा घाट,कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में विसर्जन रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल की गाइडलाइन व शांति समिति में लिए गए निर्णय के परिपालन में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान मसुरहा घाट, कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने एक आदेश जारी करते हुए मसुरहा घाट, कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु तीनों स्थलों पर 3 अलग-अलग प्रभारी तथा शिफ्टवार कुल 22 सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें नगर की दुर्गा समिति के पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों से प्रतिबंधित घाटों में प्रतिमाओं का विसर्जन न किये जाने तथा प्रतिमा विसर्जन हेतु चिन्हित अन्य विभिन्न घाटों के कृत्रिम कुंडों में ही प्रतिमाओं का विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

### सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**कटनी।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत कुम्हवारा में स्व-सहायता समूह के 35 पुरुष एवं महिला सदस्यों को सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक एवं अनुपम पांडे के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत सब्जी उत्पादन के लिए पाली हाउस एवं शेड नेट एवं सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई तथा स्प्रिंकलर की जानकारी दी गई। कृषि के साथ सब्जी उत्पादन, फल-फूल एवं औषधीय पौधों की खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, रेशमकीट पालन, मशरूम उत्पादन, मछली पालन तथा वानिकी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे कृषक कृषि को लाभ का धंधा बना सके। इसी प्रकार एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के अंतर्गत कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए शष्य क्रियाएं यांत्रिक एवं जैविक विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। सब्जियों की नर्सरी प्रबंधन के अंतर्गत पौध तैयार करने से लाभ, पौधशाला के लिए स्थान का चयन, पौधशाला की तैयारी, भूमि उपचार, बीज उपचार, क्यारी निर्माण, बीज बोने की विधि, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण एवं रोग तथा कीट नियंत्रण का तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया।

### बकाया संपत्ति कर जमा करने पर मिलेगी छूट

**कटनी।** नगर निगम द्वारा नागरिकों को बकाया करों की राशि जमा करने पर नियमानुसार अधिभार में छूट की सुविधा 30 सितम्बर 2025 तक दी जा रही है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने शहर वासियों से अपील की है कि निर्धारित अवधि के भीतर अपना संपत्तिकर जमा कर इस छूट का लाभ अवश्य उठाएं।

# ::: सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके, शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते :::


नवयुवक दुर्गा उत्सव समिती रजक मोहल्ला


मटवारा बजरंग दुर्गा उत्सव समिति मटवारा


बाबा हरिदास दुर्गा उत्सव समिति मटवारा


झंडा चौक सिलौंडी


नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति धरवारा



युवा दुर्गा उत्सव समिति आजाद चौक स्लीमनाबाद


नव दुर्गा उत्सव समिति स्लीमनाबाद


सिलौढ़ी भारत नगर में विराजी मां शेरावाली।


काछी याना मोहल्ला सिलौंडी


नेगाई में विराजी मां अंबेरानी


श्री राधा कृष्ण मंदिर धरमपुरा सिलौंडी


श्री बालाजी मंदिर सिलौंडी


सिद्ध चौक सिलौंडी

## कार्यवाही : युवती की मौत के बाद कथित प्रेमी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

युवती की आत्महत्या के मामले में विजयराघवगढ़ पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार किया है। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डा. संतोष डेहरिया व अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में निरीक्षक रीतेश शर्मा थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ की पुलिस टीम ने आत्महत्या के लिये प्रेरित करने वाले वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने बताया की नीलम बर्मन की 21 जून 2025 को जहर खाने से मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मृतिका का पोस्ट मार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में



डाक्टर द्वारा प्रिजर्व की वस्तुओं का रासायनिक परीक्षण कराने के उपरांत रिपोर्ट प्राप्त कर जांच कार्यवाही के दौरान एवं घटना स्थल के भौतिक साक्ष्य तथा मृतिका के परिवार के कथनों के आधार पर सागर उर्फ अर्जुन बर्मन का नाम उभर कर सामने आया।

अर्जुन का नीलम से कथित रूप से प्रेम संबंध था। उनके प्रेम संबंध की बात जब मृतिका के परिवारजनों को पता चली और परिस्थितियां बिगड़ने लगी तो सागर उर्फ अर्जुन बर्मन ने नीलम बर्मन को जहर खिला कर स्वयं भी जहर खा लिया। ईलाज के दौरान सागर तो बच गया किन्तु नीलम की मृत्यु हो गई। संपूर्ण जांच कार्यवाही के दौरान घटना का आरोपी सागर उर्फ अर्जुन बर्मन पाया गया। 22 सितंबर 2025 को आरोपी सागर उर्फ अर्जुन बर्मन के विरूद्ध धारा 108 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण रजिस्टर्ड कर आरोपी की तलास हेतु टीम लगाई गई। 28 सितंबर 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर पेश किया गया।

कार्यवाही में निरीक्षक रीतेश शर्मा थाना प्रभारी विजयराघवगढ़, सउनि जयराम साकेत, प्रधान आरक्षक अरविंद कुमार गर्ग, आरक्षक अनोज कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

*नवरात्रि पर्व पर नागरिकों को मिली विकास कार्यों की सौगात*

## विवेकानंद वार्ड में 51 लाख रूपए से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विवेकानंद वार्ड में सुगम आवागमन एवं सड़क एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु नाली निर्माण कार्य के लिए 51 लाख 21 हजार रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निगम पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में वरिष्ठ नागरिक श्री अशोक पाठक द्वारा पूजन कर विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

### सुगम होगा आवागमन

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अपने संबोधन में सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि शासन के सहयोग से नगर



के समुचित विकास हेतु सभी वार्डों में विकास कार्यों का सिलसिला जारी है। विकास अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। विकास कार्यों का लाभ नागरिकों को समय पर मिले इसके लिए नगर निगम द्वारा समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के प्रयास पर भी जोर दिया जा रहा है। लंबे समय से वार्ड में सड़क और नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। इन कार्यों के पूर्ण होने से वार्डवासियों को बेहतर आवागमन एवं जल निकासी की सुविधा उपलब्ध होगी। आपने स्थानीय नागरिकों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर शंका होने पर क्षेत्रीय उपयंत्री अथवा निगम कार्यालय को इसकी सूचना देने की भी बात कही।

### इन कार्यों का भूमिपूजन

विवेकानंद वार्ड में 18 लाख 60 हजार रुपए से नाली निर्माण कार्य एवं विभिन्न स्थलों पर 32 लाख 61 हजार रुपए की लागत से होने वाले सीसी सड़क निर्माण कराया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र गुप्ता एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा वर्षों से लंबित मांग पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए महापौर श्रीमती सूरी का पुष्पहार से स्वागत करते करते हुए आगे भी वार्ड की समस्याओं का निराकरण में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। वार्ड पार्षद श्री गुप्ता ने कहा कि विभिन्न स्थलों पर सड़क निर्माण हो जाने से आवागमन की सुविधा मिलेगी।

*प्रशासनिक अधिकारियों की बेपरवाही से उपेक्षित हैं श्रमिक, योजनाओं के लाभ से महरूम*

## जिले में दशकों से कलेक्टर दर पर कार्यरत श्रमिक संविदा एवं स्थायीकरण से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के अधीन विकासखण्डों में स्थापित जनपद शिक्षा केन्द्रों (बीआरसीसी) कार्यालयों में कार्यरत अकुशल, अर्धकुशल एवं कुशल श्रमिक पिछले डेढ़ से दो दशक से अधिक समय से कलेक्टर दर पर सेवाएँ दे रहे हैं। न्यूनतम मजदूरी पर जीवन यापन कर रहे इन श्रमिकों की सुध शासन स्तर पर समय-समय पर ली गई, किंतु जिला स्तर पर कार्यवाही अधर में अटकी हुई है। परिणामस्वरूप आज भी ये श्रमिक अपने भविष्य और अधिकारों के लिए भटक रहे हैं।

### दशकों बाद भी हो रही उपेक्षा

वर्ष 2003 में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र क्रमांक रा.गां.शि.मि./2003/1448 दिनांक 4 अप्रैल 2003 की कंडिका 2.2.6 के अनुसार जिला शिक्षा केन्द्र कटनी सहित प्रदेश भर में जनपद शिक्षा केन्द्रों में भृत्य पद पर अकुशल एवं अर्धकुशल श्रमिकों की नियुक्तियाँ की गई थीं। नियुक्ति के बाद से अब तक उनकी सेवाएँ निरंतर जारी हैं। कई कर्मचारी 15 से 20 वर्षों से अधिक समय से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, लेकिन उन्हें संविदा या स्थायीकरण का लाभ नहीं मिल पाया।

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल ने 7 अक्टूबर 2016 को पत्र क्रमांक एफ 05-1/2013/1/3 के जरिए "स्थायी कर्मियों को विनियमित करने की योजना" लागू की थी। इसके तहत प्रदेश के कई जिलों में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को संविदा अथवा स्थायीकरण का लाभ प्रदान किया गया। कटनी जिले में भी इस संबंध में जानकारी संकलित की गई, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी यहाँ कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी।

### वरिष्ठ कर्मचारियों की अनदेखी

सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा हुआ जब सत्र 2020 में जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के आदेश क्रमांक स्था./जिशिके/4022/कटनी दिनांक 9 सितंबर 2020 के तहत उन कर्मचारियों को भृत्य से लेकर लेखापाल तक के पदों पर संविदा नियुक्ति प्रदान कर दी गई, जिनकी नियुक्ति 7 से 8 वर्ष बाद हुई थी।इन कर्मचारियों को बिना किसी विज्ञापन या परीक्षा के सीधे संविदा पद पर पदस्थ किया गया और वेतनमान भी प्रदान किया जाने लगा। जबकि उनसे कहीं अधिक वरिष्ठ, लंबे समय से कार्यरत श्रमिक कर्मचारी योजना के लाभ से वंचित रहे।

### आश्वासन तक सीमित कार्यवाही

वंचित कर्मचारियों द्वारा 22 मई 2024 को तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक के.के. डहेरिया को ज्ञापन सौंपा गया था। उस समय आश्वासन दिया गया कि शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। किंतु अपेक्षित निर्णय अब तक नहीं लिया गया।इसके बाद 28 जुलाई 2025 को नवागत जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी को भी कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। श्री तिवारी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल जिला शिक्षा केन्द्र कटनी की लेखापाल से चर्चा की। परंतु स्थायीकरण अथवा संविदा नियुक्ति न दिए जाने का कोई ठोस कारण सामने नहीं आया।

कर्मचारियों का कहना है कि शासन के स्पष्ट निर्देश और वर्षों की वरिष्ठता के बावजूद उन्हें बार-बार अनदेखा किया गया है। जो कर्मचारी उनकी नियुक्ति के कई वर्षों बाद पदस्थ हुए, वे संविदा का लाभ ले रहे हैं, जबकि पहले से सेवाएँ दे रहे श्रमिक अभी भी कलेक्टर दर पर मजदूरी करने को मजबूर हैं। यह न केवल अन्याय है, बल्कि शासनादेशों की भी अवहेलना है।

कलेक्टर दर पर कार्यरत इन कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि वे शासन की योजनाओं के अनुरूप संविदा अथवा स्थायीकरण का लाभ चाहते हैं। उनका तर्क है कि जब अन्य जिलों और यहां तक कि कटनी जिले के ही कई कर्मचारियों को संविदा नियुक्ति मिल चुकी है, तो उन्हें क्यों वंचित रखा जा रहा है? उनकी मांग है कि राज्य शासन तत्काल संज्ञान लेकर जिला प्रशासन को निर्देशित करे कि वरिष्ठ कर्मचारियों को भी "स्थायी कर्मियों को विनियमित करने की योजना" अथवा संविदा पद का लाभ मिले।

### तो आंदोलन के लिए होंगे मजबूर

कर्मचारियों का यह भी कहना है कि राज्य शासन सदैव कर्मचारी हित में कदम उठाता रहा है और जीवन स्तर सुधारने के प्रयास करता आया है। किंतु कटनी जिले में वर्षों से कार्यरत श्रमिकों की मांगों पर ध्यान न देना शासन की छवि को धूमिल करता है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो यह उपेक्षित वर्ग आंदोलन की राह भी पकड़ सकता है।महंगाई के इस दौर में उनकी आय इतनी कम है कि परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारियाँ पूरी करना इनके लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में संविदा या स्थायीकरण ही उनके जीवन स्तर को सुधार सकता है और भविष्य को सुरक्षित बना सकता है। कटनी जिले के ये श्रमिक दो दशक से शासन की योजनाओं और आदेशों के बावजूद उपेक्षित हैं। जिनके बाद में नियुक्त हुए कर्मचारी संविदा पद और वेतन का लाभ ले रहे हैं, वहीं पहले से कार्यरत कर्मचारी अपने हक के लिए संघर्षरत हैं।

## दशहरा पर्व की व्यवस्थाओं में जुटा नगर निगम का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में बुधवार 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दशहरा चल समारोह एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु निगम का अमला तैयारियों में जुट गया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर समस्त व्यवस्थाओं का प्रभारी अधिकारी उपायुक्त शैलेश गुप्ता को एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए इनके मार्गदर्शन मे 11 चिन्हित घाट, तालाब में निर्मित कराए गए कृत्रिम कुंडों में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की कार्यवाही कराने हेतु दल का गठन कर 120 से अधिक कर्मचारियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल की गाइडलाइन के परिपालन में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें विसर्जन स्थल गाटरघाट का प्रभारी सहायक यंत्री असित खरे और सुनील सिंह को नियुक्त किया जाकर इनके साथ उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय एवं समयपाल सहित 15 अन्य अधिकारी कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। वहीं पीरबाबा निवार नदी व हनुमान घाट के दोनों ओर प्रतिमा विसर्जन हेतु सहायक यंत्री अंशुमान सिंह और अनिल जायसवाल के साथ उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी सहित 15 कर्मचारियों के दल की ड्यूटी लगाई गई है। विसर्जन स्थल मोहन घाट, माई नदी, बाबा घाट, छपरवाह घाट, बिलगवां घाट, सिमरार नदी रपटा जुहला, बजरंग कॉलोनी स्थित तट एवं ट्रांसपोर्ट नगर तालाब में भी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु अलग- अलग प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर सहायक कर्मचारियों को तीन शिफ्ट में संलग्न किया गया है।

**खास बातें**

### खाद वितरण केंद्र पर जमीं भीड़, टोकन वितरण में गड़बड़ी से किसानों में आक्रोश

**गुनौर।** जवाहर विपणन केंद्र में खाद विपणन में शुक्रवार को डीएपी 18-46 खाद लेने पहुँचे किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों ने आरोप लगाया कि टोकन विपणन में जमकर अनियमितताएँ बरती जा रही हैं। सुबह से लंबी कतारों में खड़े रहने के बाद भी कई किसानों को टोकन नहीं मिला, जिससे नाराज़गी बढ़ गई।आपको बता दे की किसान सुबह 6 बजे से ही लाइन में लग गया था लेकिन जब जवाहर वितरण प्रभारी ओसाब सिंह ने कहा की टोकन मंडी विपणन केंद्र से मिलेंगे और खाद लेने यहां आना पड़ेगा जिससे किसान काफ़ी परेशान हो गए क्योंकि जो किसान सुबह से लाइन में लगा था उसको टोकन लास्ट का मिलता है और जो किसान लास्ट में आय उसको पहले टोकन मिल गया। खाद की किल्लत और समय पर विपणन ना होने से किसानों ने केंद्र प्रबंधन ओसाब सिंह राजपूत पर लापरवाही का आरोप लगाया। कुछ किसानों का कहना था कि परिचितों और चहेतों को पहले टोकन दिए जा रहे हैं, जबकि वास्तविक पात्र किसान घंटों इंतज़ार करने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं।भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

वर्षो से चली आ रही परंपरा को निभाया जा रहा तेजगढ़ अंचल में

# एक साथ हो रहे माता के नौ रूपों के दर्शन, पूर्णिमा को होता है विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेजगढ़ थाना अंतर्गत वन विभाग रेंज प्रांगण और कोऑपरेटिव बैंक के सामने मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गई है। इसके साथ ही आस पास के ग्राम करौंदी,पड़रिया, हर्रई, सुनवाही, पिपरिया , माडनखेड़ा परासई में मां देवी जी विराजमान है। भक्त गण भक्ति भाव से सुबह 4:00 बजे से लेकर रात्रि तक इन ग्रामों में माता रानी के गीत और जयकारों की गुंज सुनाई देती है। श्रद्धालु भक्ति के साथ माँ काली जी का आरती पूजन करके चरणों में





आस्था दिखा रहे है व धर्म लाभ उठा रहे। ग्राम पतलोनी मै देवी जी की अनोखी पूजा देखने को मिलती है। ग्राम के श्रद्धालुओं ने पिछले वर्ष माँ काली जी की 36 व्यक्तिओ ने अपनी आस्था से माता की प्रतिमा ग्राम में रखने की बोली थी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष ग्राम वासियों ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि एक देवी जी की प्रतिमा में चार व्यक्ति सम्मिलित होकर प्रतिमा रखवायेंगे। भक्ति भाव से मिलकर पूजा कर रहे है। नो देवी जी को एक स्थान पर एक साथ विधि विधान से माता चंडी टोरिया पर पंचमी को विराजमान की गई। जिनको पूर्णिमा के दिन हर्ष उल्लास से निकाली जाती है। मां के दरबार में 7 दिन श्री भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित श्री रामजी तिवारी के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण जी की लीलाओं का सुंदर वर्णन कर जनसमूह को सुना रहे है। गांव से लेकर अनेकों ग्रामों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा सुनने के लिए आते हैं कथा का शुभारंभ 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलता है। समापन के बाद श्रद्धालु प्रसाद पाकर भक्त जन घर जाते हैं रात्रि को ग्राम की राधा कृष्ण कंपनी द्वारा नाटक दिखाया जाता है।

# हिनौती खेरमाई- क्षेत्र की कुलदेवी और जागृत सिद्ध स्थानः बंजारे के स्वप्न से प्रकट हुईं मां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बांदकपुर धाम से लगभग 3 किमी दूर ग्राम हिनौती में स्थित प्राचीन खेरमाई मंदिर क्षेत्रवासियों की कुलदेवी और आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि मां खेरमाई सैकड़ों वर्षों से अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती आ रही हैं। नवरात्रि सहित वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

### दंतकथा से जुड़ा उद्भव

ग्रामीण बुजुर्ग बताते हैं कि सदियों पहले तालाब किनारे बसे बंजारों के एक मुखिया को माता ने स्वप्न में दर्शन दिए थे। स्वप्न के अनुसार उसने घाट पर पत्थर हटाया तो वहां से मां काली की महिषासुर मर्दिनी रूपी दिव्य प्रतिमा प्रकट हुई। प्रतिमा को कैमा के पेड़ के नीचे स्थापित कर पूजा शुरू हुई। माना जाता है कि मां की कृपा से बंजारे की संतानहीनता दूर हुई। कालांतर में बंजारे तो चले गए, लेकिन मां वहीं विराजमान रहीं। पूजा-अर्चना बंद होने पर गांव में महामारी फैली और लोग उजड़ गए।

### खंडित प्रतिमा और पुनः प्रतिष्ठा

बताया जाता है कि वर्ष 1972 में पिपरिया निवासी दर्शन सिंह बाबा को यह प्रतिमा झाड़ियों में खंडित अवस्था में मिली। इसके बाद ठाकुर परिवार और स्थानीय श्रद्धालुओं ने माता की पूजा आरंभ की। माता के नित्य चमत्कारों से प्रभावित होकर यहां धर्मशाला और मंदिर का निर्माण कराया गया।

### 85 साल पुराना मंदिर निर्माण

स्थानीय श्रद्धालु बृजेश सिंह ने बताया कि पहले माता की प्रतिमा कैमा के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर विराजमान थी। लगभग 85 साल पहले यहां मंदिर निर्माण कराया गया, जहां आज भी काले पत्थर से बनी मां की भव्य प्रतिमा विद्यमान है।

### ग्रामीणों की मान्यता और प्रतिमा की प्राचीनता

ग्रामीणों का कहना है कि यह प्रतिमा मूर्ति खंडन काल से भी पहले की अति प्राचीन मानी जाती है। यद्यपि इसके ठोस प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन मान्यता है कि प्रतिमा सैकड़ों वर्ष पुरानी और दिव्य है। मां खेरमाई की प्रतिमा काले पत्थर पर उकेरी गई है, जिसके तेजस्वी नेत्र और मुखमंडल मां महाकाली के रूप का आभास कराते हैं।

### आस्था का केंद्र बना खेरमाई दरबार

आज खेरमाई माता का यह स्थान जागृत सिद्ध स्थल माना जाता है। भक्तों का विश्वास है कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। नवरात्रि पर्व पर यहां विशाल आस्था का मेला आयोजित होता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। समय-समय पर यहां भागवत कथा, पुराण पाठ और यज्ञ भी आयोजित होते हैं। मां खेरमाई पर अटूट आस्था और निरंतर चमत्कारों की वजह से यह स्थान बांदकपुर चौबीसा क्षेत्र की कुलदेवी का प्रमुख सिद्ध स्थल

# छोटे दवा विक्रेताओं को जीएसटी 2.0 से नुकसान

## एआईओसीडी ने वित्त मंत्री से राहत की मांग की

**पुराने स्टॉक पर विक्रेताओं को घाटा, तीन माह के संक्रमणकाल के लिए विशेष राहत की आवश्यकता बताई जिला औषधि विक्रेता संघ दमोह**

**दमोह।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी), जो देशभर के 12.5 लाख से अधिक केमिस्ट और वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है, ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को ज्ञापन प्रेषित कर छोटे दवा विक्रेताओं और खुदरा केमिस्टों को हो रहे आर्थिक नुकसान से बचाने हेतु तत्काल राहत की मांग की है।

एआईओसीडी के अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि जीएसटी दरों में कटौती (18% से 5%, 12% से 0%, 12% से 5%) से उपभोक्ताओं को लाभ मिला है, लेकिन छोटे विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। अनरजिस्टर्ड और कम्पोजिट डीलर द्वारा पहले उच्च दर पर खरीदा गया स्टॉक अब कम कीमत पर बेचना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अपरिहार्य नुकसान हो रहा है।

दमोह औषधि विक्रेताओं के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंघई एवं सचिव अनिल कोटवानी ने भी बताया कि स्थानीय स्तर पर छोटे और मध्यम विक्रेताओं की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल राहत नहीं दी गई तो अनेक दुकानदार आर्थिक तंगी के चलते अपने कारोबार बंद करने पर मजबूर हो सकते हैं। एआईओसीडी ने सरकार से अनुरोध किया है कि तीन माह तक छोटे व्यापारियों को पुराने एमआरपी पर स्टॉक बेचने की अनुमति दी जाए। यदि आवश्यक हो तो विशेष राहत पैकेज भी घोषित किया जाए। संगठन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि तत्काल राहत नहीं दी गई तो ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में दवाओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। एआईओसीडी ने सरकार से आग्रह किया कि इस ऐतिहासिक सुधार के दौरान भारत के खुदरा दवा व्यापार की रीढ़ को सुरक्षित रखा जाए और संक्रमण काल में किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जाए।

## संस्कार भवन में हुआ असाटी समाज का गरबा महोत्सव



**दमोह।** असाटी समाज का भव्य गरबा महोत्सव 28 सितंबर, रविवार को बड़े ही उत्साह व हर्षोल्लास के साथ संस्कार भवन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई. जिसे समाज के वरिष्ठ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी और समिति तथा युवा समिति के अध्यक्ष पूरी समिति के साथ ही संरक्षक मंडल व मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों ने मिलकर दीप प्रज्वलन किया. मंच संचालन समिति की पदाधिकारी सचिव श्रीमती रागिनी असाटी व कोषाध्यक्ष सोनल असाटी द्वारा किया गया.जिन्होंने अपनी मधुर वाणी और सुंदर संचालन शैली से पूरे कार्यक्रम को रोचक बनाया। कार्यक्रम में कुल 10 आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। इन प्रस्तुतियो में हमारे समाज की प्रतिभावान महिलाओं व बेटियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया और नृत्य व सांस्कृतिक कला से सभी का मन मोह लिया. पूरा पंडाल गरबा नृत्य और ताल पर थिरकता रहा. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी महिलाओं व बेटियों को पुरस्कार प्रदान किए गए.यह पुरस्कार वितरण समाज के वरिष्ठ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, उनकी समिति और युवा समिति के अध्यक्ष उनकी समिति के कर कमलों से कराया गया. पुरस्कार पाकर सभी प्रतिभागियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और वातावरण तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. रागिनी असाटी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की अनेक महिलाएं,पुरुष आगे आए। इस गरबा कार्यक्रम के प्रायोजक श्रीमती निधि अमित असाटी, श्रीमती शशि राजेंद्र असाटी, श्रीमती पिंकी विनीत असाटी, श्रीमती नंदा मुकेश असाटी, गरबा कार्यक्रम के सहयोगी विनीता इंदु असाटी व रमा रमेश असाटी रहे। साथ ही इस गरबा महोत्सव की गरिमा को बढ़ाने में हमारी गरबा गुरु निधि का विशेष योगदान रहा।

## मंत्री लोधी ने भजन मंडलियों को बांटे वाद्ययंत्र



**जबेरा।** दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पचास से अधिक भजन मंडलियों को धार्मिक भजन एवं कीर्तन में उपयोग होने वाले वाद्ययंत्र वितरित किए। इस अवसर पर ढोलक, झूला, तारे, हारमोनियम, पेंटी, खड़ताले सहित अन्य सामग्री प्रदान की गई। मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर उपस्थित भजन मंडलियों के प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि प्रभु के भजन में उपयोग होने वाली सामग्री प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह कार्य न केवल भक्तिभाव को बढ़ाता है बल्कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का भी माध्यम है। मंत्री ने सभी भजन मंडलियों के कार्यकर्ताओं और सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि "परमेश्वर आप सभी भक्तों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें। आप सभी निश्चित रूप से प्रभु के भजन कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।" उन्होंने नव प्राप्त वाद्ययंत्रों पर सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर स्थानीय समाजसेवी, भजन मंडलियों के सदस्य और क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सुधीर विद्यार्थी बने जन परिषद के प्रांतीय सचिव

दमोह। अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जनपरिषद के संयोजक श्रीरामजी श्रीवास्तव एवं सहसमन्वयक के. पी अग्निहोत्री की अनुशंसा पर जनपरिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने , समाजसेवी एवं पत्रकार सुधीर विद्यार्थी को जनपरिषद का प्रांतीय सचिव मनोनीत किया है संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार जनपरिषदराष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एव



रचनात्मककार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर 12 अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 275 से अधिक एव विदेशों में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्त रूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम्राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। उल्लेखनीय है कि युवक क्रांति संगठन के संयोजक सुधीर विद्यार्थी द्वारा विगत अनेक वर्षो से निःशुल्क नेत्र शिविर, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण नशा विरोधी,आन्दोलन वृद्ध असहायों,की मदद प्रतिभासम्मान,के साथ बल्ड डारेक्ट्री, स्मारिका प्रकाशन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। उक्त नियुक्ति होने पर अनेक गण्मान्य नागरिकों,पत्रकारों, एवंसमाजसेवियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है।

## महिलाओं के स्वास्थ्य का खास ख्याल रहे समाज के पुरुष भी




दमोह। एसडीएम हटा श्री राकेश मरकाम के नेतृत्व में सभी विभागों की सेवा पखवाड़ा के पहले एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें सभी विभागों को अलग-अलग उत्तरदायित्व के संबंध में जानकारी दी गई जिसके क्रियान्वयन में महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग स्कूल शिक्षा विभाग नगरीय प्रशासन विभाग उच्च शिक्षा विभाग एवं अन्य सभी विभाग विकासखंड हटा में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं । मुख्यतः महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत एसडीएम हटा के नेतृत्व में कई मेगा शिविर भिन्न ग्रामपंचायतों एवं हॉस्पिटल हटा में आयोजित किए गए इस तारतम में ग्राम कुलुआकला में संगीत मय भजनों देवी गीतों के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिला बाल विकास अधिकारी शिवराय बीएमओ उमाशंकर पटेल द्वारा सक्रिय सहभागिता लेकर शिविर को सफल बनाया एवं स्कूल शिक्षा विभाग से किशोरी बालिकाओं के रक्त परीक्षण का कार्यक्रम भी सिविल अस्पताल हटा में किया गया जिसमें परियोजना अधिकारी शिवराय एवं उमाशंकर पटेल की अहम भूमिका रही सारांशिता पूरे हटा ब्लॉक में सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सेवा में अधिकारियों की एसडीएम हटा के नेतृत्व में सक्रिय भूमिका ग्राउंड पर नजर आ रही है।

परचम कुशाई से हुआ आग़ाज़, महफ़लि मुशायरा कार्यक्रम आज

# हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती का वार्षिक उर्स आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महान सूफ़ी हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह का वार्षिक सालाना चार दिवसीय उर्स मुबारक आज से शुरू जिसकी की शुरूआत आज मंगलवार सुबह 8 बजे स्थानीय पुराना बाज़ार नंबर 02 चिश्ती नगर में स्थित दरगाह परिसर में परचम कुशाई से हुई आज रात 9 बजे से महफ़लि मुशायरा नात और मनकबत होगा जिसमें स्थानीय शायर शिरक़त करेगें इसके अलावा इसके अलावा 01 अक्टूबर दिन बुधवार रात 9 बजे से मेहमान मौलाना सय्यद नवाज़ अख्तर चिश्ती आस्तान-ए-आलिया समदिया फँफूद शरीफ जि. औरईया यू.पी. और हाफिज़ मुनव्वर रजा, हाफिज़ मो. नोमान चिश्ती दमोह तक़रीर प्रोग्राम पेश करेगें । उर्स मुबारक के दूसरे और ख़ास दिन 02 अक्टूबर दिन गुरुवार सुबह 9 बजे कुरआन ख्वानीआस्तान-ए-आलिया पर इसके बाद सुबह 11 बजे चिश्ती नगर हाजी मोहम्मद क़ासिम , मोहम्मद हासिम ठेकेदार के मकान ख़ानक़ाह से संदली चादर जुलूस निकाला जायेगा । जो गड़रियाऊ हरसिद्धि मंदिर से अजमेरी गॉर्डन होते हुए पठानी मोहल्ला मस्जिद से वापस गड़रियाऊ हरसिद्धि मंदिर के रास्ते वापस पुराना बाज़ार 02 चिश्ती नगर स्थित दरगाह हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह के आस्ताने पर वापस होगा । इसके अलावा दोपहर 2 बजे से महफ़लि सिमा क़व्वाली कार्यक्रम होगा । शाम 7 बजे बाद नमाज़ मग़रिब के दरबार ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती में संदली चादर पेश की जायेंगी । जिंसमें तमाम अकीदतमंदों की शिरकत होगी। रात 9 बजे से जनाब अल्हाज हाफिज़ व कारी खलील रजबी दमोह और मौलाना तहसीन रज़ा दमोह का तक़रीर कार्यक्रम होगा। वहीं रात 11.20 पर फ़ातिहा विशाल होगी बाद फ़ातिहा के तमाम रात महफिले समां कव्वालियों का कार्यक्रम होगा जिसमें जयपुर से आने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क़व्वाल टिम्मू गुलफाम व उनकी पार्टी सूफियाना कलाम करेगें। उर्से सलामी का समापन 3 अक्टूबर 2025 दिन शुक्रवार जुमा को सुबह 10 बजे रंग व कुल शरीफ' की फ़ातिहा से होगा। आखिर में तबर्रूक तक़सीम किया जायेगा।

# बड़े भाई की आत्महत्या मामले में छोटे भाई ने की निष्पक्ष जांच की मांग

दमोह। विगत दिनों सागर नाका चौकी में आत्महत्या मामले में आवेदक अभिषेक जैन ने मुख्यमंत्री, मानव अधिकार आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, पुलिस महानिदेशक भोपाल, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक दमोह को आवेदन देकर अपने भाई रत्नेश जैन के आत्म हत्या वाले मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। आवेदक अभिषेक जैन ने आवेदन में लेख किया है कि मेरे भाई रत्नेश जैन ग्राम इमलाई मे पथरिया रोड पर मम्मा अनाज भंडार नाम से दुकान किये थे। वह अनाज की खरीद विक्रय का काम करते थे दुकान पर मेरे पिता बड़े भाई की दुकान पर मदद करते थे, यह कि मेरे भाई रत्नेश ने दिनाँक 02/09/2025 के सुबह करीब 9:00 बजे निवास वाले घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उक्त घटना के संबंध में थाना दमोह देहात में मर्ग क्रमांक 107/25 दर्ज किया गया है सागर नाका चोंकी पुलिस जांच कर रही है। दिनाँक 04/09/25 को अंतिम क्रियाक्रम के बाद साफ सफाई के बाद दुकान खोलने पर समाज के लोगों के समक्ष आवेदक के बड़े भाई के सुसाईड नोट मिले है जिसमे उन्होंने टेकचन्द पटेल वेयरहाउस के संचालक राकेश पटेल के द्वारा 47 लाख के 66 लाख रुपये कर देना वेयरहाउस में जमा अनाज न देने जमीनी विवाद पर दबाव बनाए जाने के कारण आत्महत्या करना बताया है। आत्म हत्या के कुछ दिन पहले से आवेदक का भाई अत्यधिक तनाव में था उसने अपने साथ बालों को बताया था की राकेश पटेल परेशान किए है। अतःसुसाइड नोट मिलने की सूचना आवेदक ने उसी दिन सागर नाका पुलिस चौकी को सूचना दी। आवेदक का भाई फुटकर गल्ला खरीद कर कुछ किसानों द्वारा अपना गल्ला भेजने पर टेकचन्द वेयरहाउस में जमा कर देता था। एवज में नगद राशि व्यापार हेतु ले लेता था जिस पर राकेश पटेल संचालक टेकचन्द पटेल वेयरहाउस इमलाई ब्याज लेता था। इसी हिसाब किताब ब्याज के लेनदेन मे राकेश पटेल ने 47 लाख मूल रकम के 66 लाख बना दिए। यही कारण रत्नेश जैन ने लिखा है। आवेदक के पिता व रिश्ते के भाई सतीश जैन के नाम पर पथरिया रोड से लग कर राजटोरिया मे खसरा नंबर 8/2 व 8/3 रकबा 0.072 जमीन स्थित है राकेश पटेल ने उक्त जमीन के पीछे बाली जमीन खसरा नंबर 16/8 रकवा 0.12 हेक्टेयर कुछ माह पहले अपनी पत्नी के नाम से खरीदी है जिसकी रजिस्ट्री में उक्त जमीन को पथरिया रोड से लगा होना लिखा दिया था जिसकी शिकायत आवेदक के पिता व भाई सतीश जैन ने श्रीमान जी के समक्ष की थी जिसकी जाँच दमोह देहात थाना पुलिस कर रही है। इसी मामले में राकेश पटेल मेरे भाई रत्नेश जैन पर दवाव बना रहा था जो की सुसाईड नोट पर लिखा गया है। राकेश पटेल प्रभावी व्यक्ति है इसके बड़े भाई समाज के जिला अध्यक्ष रहे है। इस कारण अपनी सामाजिक राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर मामले को दबाने की कोशिश कर रहे है। आवेदक व उसके परिवार बालों पर झूठा आपराधिक मामला बनाए जाने की धमकी दी जा रही है। आवेदक उसके परिवार बालों को यह भय है जहा आवेदक के भाई के सुसाईड नोट की हस्तलिपि मिलान हेतु भेजा जायेगा। वहा की जाँच राकेश पटेल प्रभावित कर सकता है। अतः परिजनों ने उच्च संस्थान से उपरोक्त जाँच कराए जाने का निवेदन किया है।

# रक्तदान एवं वृहद स्वास्थ्य जांच के लिए लगाया परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वस्थ के केंद्र परिसर में रक्तदान शिविर एवं वृहद स्वास्थ्य जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से आए विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच की गई। कार्यक्रम में 9 लोगों ने रक्तदान भी किया।जिला अस्पताल से आए ब्लड बैंक वाहन में तैनात टीम के द्वारा रक्त का कलेक्शन किया गया। शिविर में एनीमिया, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, मनोरोग, दांतों की जांच, आंखों, नाक, कान, गला आदि की जांच की गई। जिसमें 176 महिला पुरुषों की जांच की गई और 100 स्कूली छात्राओं की अलग जांच की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करना है। बीएमओ डॉक्टर अमित मिश्रा ने बताया की हमारे रक्तदान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है इसका एहसास हमे तब होता है जब कोई हमारा निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबरदस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियां के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं। जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। इसलिए हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अनुराग दत्ता ने कहा कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। नियमित अंतराल यानी 3 महीने बाद रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। और रक्तदाता को हृदय घाट की संभावना नहीं रहती। और कई अन्य बीमारियों का भी खतरा कम रहता है। कार्यक्रम का संचालन बीएम दुबे ने किया। शिविर में मनोचिकित्सक विक्रम पटेल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौम्या सिंघई, नेत्र रोग विशेषज्ञ आशुतोष पटेल, एवं नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर सुधीर कुमार आर्य, डॉक्टर अंगिराज साहू, डॉक्टर पूर्वाशी राय, डॉक्टर ज्योति दुबे, डॉक्टर रिया जैन, डॉक्टर कुलदीप अजवानी, आदि के द्वारा शिविर ने जांचे की गई। उक्त अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, पार्षद अन्नु राजपूत, असीम खान, कालूराम अहीरवाल, लक्ष्मण पटेल, नरेश साहू एवं विधायक प्रतिनिधि मुन्नालाल चौरसिया सहित सीएसी समस्त कर्मचारी और नगर के अनेक लोगो की उपस्थिति रही।

## खास बातें

### फतेहपुर का नाम अब अजबधाम

**दमोह।** अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात जिला दमोह के बटियागढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फतेहपुर का नाम परावर्तित कर ₹अजबधाम₹ कर दिया गया है, यह नाम परिवर्तन 15 सितम्बर 2025 से तत्काल प्रभाव से लागू हो चुका है।

### वाहनों की हुई जाँच

**दमोह।** परिवहन आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया जिले में वाहनों की सघन जांच की जा रही हैं। इसी क्रम में आज जिले में वाहनों की जाँच की गई। इस जाँच के दौरान हेलमेट चेकिंग से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया। आवश्यक दस्तावेज़ और सुरक्षा उपकरण अनुपलब्ध पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। मौके पर कुल 10 हजार 100 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। परिवहन अधिकारी श्री सोनी ने स्पष्ट कहा कि मोटर-यान अधिनियमो से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह विशेष अभियान आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक प्रदेशभर में निरंतर जारी रहेगा।

घायल 5 छात्राओ में से 3 दमोह रैफर

# स्कूली छात्राओं से भरा ऑटो शराबी से टकराकर पलटा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के हटा रनेह मार्ग पर बड़ी ककराई के पास सोमवार को एक शराबी सुंदर रजक सड़क के बीच आ गया। जिससे उस को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित ऑटो पलट गया। हादसे में शराबी सहित ऑटो में सवार 5 स्कूली छात्राएं घायल हो गई। जिनमे दो की हालत नाजुक होने से तत्काल उपचार की जरूरत थी। लेकिन काफी देर तक मौके पर डायल 112 और एंबुलेंस सेवा नहीं पहुची। इस दौरान सड़क पर दर्द से कराह रही तड़प रही बेटियों की मदद के लिए गांव की बहू बेटियां आगे आई पंखा झूलाते हुए वह इनको हिम्मत बंधाती रही।

बाद में गांव के लोगों ने ही इनको हटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया। जहां पर त्वरित उपचार के बजाए दो गंभीर छात्राएं जो आपस में बहन थे को दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है एंबुलेंस से इनको रेफर किया गया उसमें ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं था जिस वजह से सांस लेने में तकलीफ का शिकार नंदिनी की रास्ते में ही मौत हो गई।





बाद में दमोह जिला अस्पताल पहुंचने पर नंदिनी लोधी को मृत्यु घोषित कर दिया गया। जबकि उसकी बड़ी बहन सुहानी लोधी का इलाज चल रहा है। बाद में एक और छात्रा चंदा लोधी को भी हटा से जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उसका इलाज जारी है।

बताया जा रहा है की खेजरा गांव निवासी कक्षा 12वीं की छात्राएं सुहानी लोधी, चंदा लोधी, सुषमा लोधी, पूजा लोधी तथा दसवीं की छात्रा नीलम लोधी नंदनी रोज की तरह स्कूल जाने के लिए ऑटो से हटा रवाना के बाद और रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। इस दौरान पूरन लोधी की बेटियां नंदिनी तथा सुहानी की हालत गंभीर होने के साथ नंदनी को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। इलाज के लिए हटा अस्पताल पहुंचने में देरी तथा वहां पर ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिलने जैसे हालात में दमोह जिला अस्पताल पहुंचने के पहले ही नंदिनी की सांसे थम जाने के हालात ने सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपरोक्त हालात के चलते नवरात्र पर्व के दौरान एक बेटी की मौत हो जाने से परिवार के साथ जहां पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है वही व्यवस्था पर भी सवाल उठने से लोग नहीं चूक रहे हैं। गांव गांव में चल रहे ऑटो रिक्शा आए दिन हादसे के शिकार होते हैं इसके बाद भी परिवहन विभाग द्वारा इन पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जाता स्कूल लेकर भी आक्रोश है।

इधर इन सभी स्कूली छात्राओं को शासन की साइकिल योजना का क्या लाभ प्राप्त नहीं हुआ था जो वह अपने गांव से ऑटो से स्कूल जाने को मजबूर थी। हटा अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चल रहा था अनेक विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे ऐसे में घायल छात्राओं को तुरंत इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध कराने की बजाय दमोह क्यों रेफर किया गया इसको लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

आदि से अनंत की आणविकिय शक्ति ही है माता सिद्धिदात्री

# ब्रह्मांड के रहस्यमय विज्ञान का आदि स्रोत हैं मां सिद्धिदात्रीः श्रीभगवान वेदांताचार्य

माँ सिद्धिदात्री आदिशक्ति का अंतिम रूप भी हैं। जो योग, ज्ञान और मोक्ष की पराकाष्ठा को दर्शाती हैं। वे सिद्धियों की दात्री हैं, देने वाली है। वर्तमान समाज में सिद्धियों का तात्पर्य अशास्त्रीय होता नजर आ रहा भ्रमित मन अनछुए कर्तव्यों को सिद्धि मानकर चमत्कृत हो रहा जबकि वे केवल आठ ही है नौवी तो संभव ही नहीं क्योंकि सिद्धि दात्री ने बनाई नहीं जिनका नाम है। *अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व* और उनकी उपासना से मनुष्य दिव्यत्व की ओर अग्रसर होता है। नवमी के दिन उनकी उपासना से जीवन के समस्त कार्य सिद्ध हो जाते हैं, क्योंकि नौ पूर्णांक का द्वैतक है। जिसमें आदि से अनंत की यात्रा प्रारंभ करने की सामर्थ्य है जिस पूर्णांक अवस्था में नवग्रह सहायक है, न कि बाधक इसलिए सूर्यमंडल के नवग्रह ही कुंडली में ग्राहय है जिससे ग्राहक शब्द बना जो वस्तु को जाने न कि खरीदने वाला वस्तु= बस तू अर्थात तेरे सिवा कोई और नहीं मां मैं तेरा बालक तू मेरी अम्बे जहां तत्त्वमसि जैसे महावाक्यों में आत्मा से परमात्मा के एकरूप होने का संयोग



श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

समाहित है। जिसे करने वाली मां सिध्दिदात्री अनूठी विधा से कार्यरत है, जो गुप्त है। जिसे स्वाध्याय ग्राही रहस्यमई ढंग से योजनाओं पर काम करने वाली जानते है। यह वाणी प्रतीक रूप से श्रीभगवान वेदांताचार्य जी के पावन सानिध्य में प्राप्त हुई वे कहते है कि मानव तो क्या त्रिदेवों की भी सहायक मां ने सृष्टि के प्रारंभ में ब्रह्मा जी को सृष्टि रचना में कठिनाई होते देख इन अष्ट सिद्धियों को गुप्त रूप से मदद करने भेज दिया।जिन्होंने बहुत सुंदर ढंग से योग दान करके सृष्टि बसाई ध्यातव्य हो योगदान न कि भोग यदि कोई कहे तो साधकों को नहीं भटकना चाहिए, यह सृष्टि योग से रची जिसमें शिव और विष्णु भी अछूते नहीं रहे। यह प्रकृति का भले ही क्रमिक विकास हो पर सिद्धिदात्री के नज़रिए से देखा जाए तो श्रम साध्य ब्रह्मा ने योग के बल से इसे रचा

*'तपबल रचइ प्रपंचु बिधाता, तपबल बिष्नु सकल जग त्राता। तपबल संभु करहिं संघारा, तपबल सेषु धरइ महिभार'*

इस प्रकार उन्ही आदिशक्ति की उपासना से सिद्धिदात्री रूप में प्रकट होकर सृष्टि निर्माण प्रारंभ हुआ, आगे भगवान शिव ने भी सिद्धिदात्री की आराधना की। इन्हीं सिद्धियों के प्रभाव से शिव "अर्धनारीश्वर" रूप में आधे पुरुष और आधे स्त्री बन गए, जिससे शिव और शक्ति का अभिन्न स्वरूप प्रकट हुआ। जो अर्धनारीश्वर कहलाया। शास्त्रों में कहा गया है जहां विष्णुजी के अनूठे कार्यों को इन्हीं देवी महामाया ने संपादित किया जिससे वे बड़े बड़े दैत्यों को समाप्त कर पाए। यहां त्रिदेवों की नाई साधकों को भी नवदिन का व्रत रखते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि वे समर्पण की वेला में अपने मन के विहंगम दृष्टिकोण का पूर्णता में समावेश करें यही दिव्यता का नवरात्रि पर्व मानवीयता में जीव का प्रवेश है, जिसमें आदिशक्ति सहायक है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही एवं अभद्र व्यवहार पर सहायक अध्यापक को एकपक्षीय कार्रवाई की दी चेतावनी

**दमोह।** अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार SIR विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रत्येक मतदान केन्द्रवार 2003 की मतदाता सूची अनुसार किया जाना है। जिसमें सहायक अध्यापक श्रद्धा उरमलिया माध्यमिक शाला सुहेला ने 28 सितम्बर तक अनुलग्नक 1, 2, 3 जमा नहीं किया गया एवं दूरभाष पर भी संपर्क किया गया। आपके द्वारा नायब तहसीलदार अभाना मंडल से अभद्र भाषा का उपयोग किया गया और आज कार्यालय आने से साफ-साफ इंकार किया गया। उन्होने कहा कि आपका यह कृत्य मध्यप्रदेश लोक प्रतिनिधित्व लोक अधिनियम 1960 के निर्वाचन नियमों के विपरीत है जो गंभीर आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मसराम ने निर्देशित किया कि 29 सितम्बर तक कार्यपूर्ण कर अनुलग्नक- 1,2,3 जमा करने के उपरांत उप-जिला निर्वाचक अधिकारी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर निर्णय लिया जावेगा। जिसके लिए आप व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगें।.

## एकलव्य विश्वविद्यालय के शोधार्थी अमित जैन को पीएचडी उपाधि के लिए प्रदान की गई अनुशंसा



**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत संस्कृत विभाग के शोधार्थी अमित कुमार जैन की पी-एच. डी. शोध प्रबन्ध की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न 29 सितंबर 20वो5 को हुई, अमित कुमार जैन ने सोलहकरण भावनाओं का अनुशीलनात्मक अध्ययन विषय पर डॉ. आशीष कुमार जैन शिक्षाचार्य, एसोसिएट प्रोफेसर ,अध्यक्ष,संस्कृत विभाग के निर्देशन में यह शोध कार्य सम्पन्न किया। इस हेतु विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, श्रीमति पूजा मलैया एवं श्रीमति रति मलैया प्रतिकुलाधिपति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. पवन कुमार जैन की अध्यक्षता में मौखिकी परीक्षा सम्पन्न हुई। मौखिकी परीक्षा हेतु डॉ हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर,मध्यप्रदेश से डॉ रामहेत गौतम को आमंत्रित किया गया था, उन्होंने पी-एच. डी. मौखिकी परीक्षा विधिवत सम्पन्न कराई। इस अवसर पर डॉ प्रो उत्सव आनंद जी अर्थशास्त्र विभाग डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर ,प्रो. आर. सी. जैन, अधिष्ठाता, कला एवं मानविकी संकाय, डीन अकेडमिक प्रोफेसर जे.पी. शमा खानम, डॉ. निधि असाटी बेसिक एंड अप्लाइड साइंस, डॉ. आशीष जैन, जैन और प्राकृत अध्ययन विभागाध्यक्ष, डॉ अनिल पिंपलापुरे इंजिनियरिंग विभाग,डॉ अभिषेक जैन, डॉ. विवेक गेडाम, सहायक निदेशक, शोध विकास विभाग, डॉ एस एन गौतम, डॉ एस के तिवारी, डॉ विजय साहू,डॉ. प्रमिला कुशवाहा, डॉ दीपक रजक,डॉ. वन्दना पाण्डेय, डॉ दुर्गा महोबिया,डॉ. हृदयनारायण तिवारी, डॉ. मनीषा दीक्षित, डॉ विजया लक्ष्मी, डॉ वंदना शुक्ला, ईशा सचदेव,प्रभात आदि अनेक प्राध्यापक एवं संस्कृत विभाग से मंजू जौहरी,रागिनी गुप्ता शोधार्थी तथा सहकर्मी गोविंद ,आकाश सतेंद्र,महेश भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर समाधान के तहत प्रकरणों का हुआ त्वरित निराकरण, पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर समाधान के तहत प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रत्येक जनपद पंचायत के तहत एक-एक चयनित शिकायत कर्ता को बुलाया गया था। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया समस्या समाधान में हमने 07 केस लिए थे उनमे से एक केस में जबेरा से छात्रा आयी थी उसको कॉलेज फीस भुगतान में समस्या आ रही थी क्योंकि संबल कार्ड एक्सापायर होने के कारण कुछ इश्यूय आ रहे थे वह छात्रा लम्बे समय से परेशान थी आज उनकी फीस भरवाने का काम हमने किया है, उनकी समस्या का समाधान करा दिया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया दूसरा विषय तेंदूखेड़ा का मनरेगा का था उसमें एक व्यक्ति को



मजदूरी नही मिली थी उसमें शिकायत सही पाये जाने पर सचिव को सस्पेंड किया गया है और मजदूर को एक सप्ताह के अंदर मजदूरी दिला दी जायेगी इसको लेकर हमने एक लिखित पत्र दिलवा दिया है कि एक सप्ताह के अंदर मजदूरी का भुगतान हो जायेगा इसी प्रकार से फसल बीमा को लेकर एक शिकायत मिली थी उसका भी निराकरण हो गया है और एक महिला का आवेदन था उसको प्रधानमंत्री आवास शहरी की किस्त नही मिली थी, उनके किस्त के भी आर्डर जारी हो गये है और एक केस और था उसका भी निराकरण हो गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अधिकारियों से कहा उन्हें प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को सूचित किया जायेगा कि कलेक्टर समाधान में कौन सी शिकायत लगने वाली हैं। पूरी तैयारी के साथ अधिकारियों को आना हैं। साथ ही सोमवार के दिन कलेक्टर समाधान में शिकायत कर्ताओं को बुलाया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा प्रयास किया जायेगा कि उसी दिन शिकायत का समाधान कर निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा।

## शिक्षक की सराहनीय पहलः गांव-गांव जाकर बच्चों को बता रहे शिक्षा का महत्व

**जबेरा।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में पदस्थ उप-प्राचार्य अजय कुमार सिंघई द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बच्चों के अभिभावकों को भी अपने घर में मर्यादाएं और संस्कार बनाए रखने की सीख भी दी जा रही है



शिक्षक के इस कार्य की सभी लोग जमकर सराहना कर रहे हैं। उप-प्राचार्य अजय कुमार सिंघई अवकाश के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों के किसी स्कूल का चयन कर वहां बच्चों एवं अभिभावकों को एकत्रित करके बच्चों को शिक्षावान और संस्कारवान बनाए जाने की समझाएं दे रहे हैं। अपने अभियान के तहत उपप्राचार्य अजय कुमार सिंघई जबेरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दुगानी की शासकीय प्राथमिक शाला भिनैनी पहुंचे। जहां उन्होंने शाला के शिक्षक रवि झारिया की उपस्थिति में बच्चों एवं अभिभावकों को मोटिवेट किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को मेहनत मजदूरी करके पढ़ाते हैं इसलिए कि उनका बेटा बेटी पढ़ लिख कर आत्मनिर्भर स्वावलंबी बने और खूब नाम कमाए और उनके इस सपने को साकार करना हर बच्चे का कर्तव्य है इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों से दूनीया, बारहखडी एवं ग्रामर जैसे अनेक शैक्षिक संवाद किए जिनका बच्चों ने उत्साह के साथ जवाब दिया। वही उप प्राचार्य अजय कुमार सिंघई ने अभिभावकों को समझाइश देते हुए कहा कि अपने घर में नशा मुक्त होकर रहे हैं और मर्यादाएं एवं संस्कार बनाए रखें ताकि बच्चों पर इसका अच्छा प्रभाव पड़े क्योंकि घर का माहौल जैसा होगा वैसा प्रभाव बच्चों पर पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को कापी, पेन, कंपास सहित अनेक शैक्षणिक सामग्री वितरित की जिसे पाकर सभी बच्चे बहुत उत्साहित हुए। वही शाला के शिक्षक रवि झारिया ने उप-प्राचार्य अजय कुमार सिंघई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज सर ने बच्चों और अभिभावकों को बहुत अच्छी समझाइश देकर शिक्षा के लिए जागरूक किया जिससे सभी बच्चे और अभिभावक बहुत उत्साहित हुए।

## झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची को दंपति ने लिया गोद

**दमोह।** हटा थाना क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई। कुटरी पिपरिया गांव के तालाब किनारे झाड़ियों में एक नवजात बच्ची फेंकी हुई मिली। लेकिन, इस दुखद घटना के बीच राहत की खबर यह रही कि बच्ची को समय पर बचा लिया गया और अब उसे नया घर भी मिल गया है। दरअसल रात में बच्ची को झाड़ियों में छोड़ दिया गया था। सरपंच की सूचना पर हटा पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक प्रदीप जोशी और आरक्षक अरविंद सिंह राजपूत ने बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर उप स्वास्थ्य केंद्र भटिया पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ एएनएम सुनीता लोधी ने बच्ची का प्राथमिक उपचार किया और जांच के बाद उसे पूर्णतः स्वस्थ बताया। घटना की जानकारी कस्बे में फैलते ही हटा निवासी गोलू मिश्रा और उनकी पत्नी सुषमा मिश्रा उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने बच्ची को गोद लेने की इच्छा जताई। पुलिस की मौजूदगी में आवश्यक पंचनामा तैयार करने के बाद बच्ची को दंपति के सुपुर्द किया गया। फिलहाल बच्ची को उचित देखभाल के लिए 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया है। नवरात्रि में जहां एक ओर दंपति ने बच्ची को अपनाकर मानवता की मिसाल पेश की है, वहीं दूसरी ओर, उसे जन्म देने वाली मां की ममता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरलः जिला प्रशासन ने नागरिकों की सकुशल वापसी के लिए शुरू की कार्रवाई

# दलालों ने कर्नाटक में आदिवासियों को मजदूरी के बहाने फंसाया, बंधक बनाकर की मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

ब्लॉक की ग्राम पंचायत मोहड़ के 27 आदिवासी मजदूरों को कर्नाटक में बंधक बना लिया गया है। भागने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। रविवार को इन मजदूरों ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो जारी कर सोशल मीडिया पर वायरल किया। इसके बाद जिला प्रशासन ने उनकी वापसी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। यह लोग मजदूरी करने के कुछ परिवारों के साथ दलालों के माध्यम से कर्नाटक राज्य में गए थे। जिन्हें वहां के बीजापुर जिले में भेज दिया था। उनके साथ संबंधित मजदूरी कराने वाले ठेकेदार के द्वारा बंधक बनाकर सभी से ज्यादती की जा रही थी। साथ ही मारपीट की जा रही थी एवं उन्हें अपने घर नहीं आने दिया जा रहा।

### फोन पर मजदूर ने बताई अपनी व्यथा

कर्नाटक में बंदी मजदूर गोपाल सिंह से जब फोन पर संपर्क किया तो उसने बताया कि ₹करीब 1 महीने पहले ही मोहड़ गांव के पास ग्राम बहेरिया का बृजेश नामक एक युवक उन्हें फैक्ट्री में काम दिलाने के नाम पर कर्नाटक ले आया था. हम 22 लोग यहां आए थे. हमसे कहा गया था कि 800 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मिलेगी, जबकि यहां पर केवल 300 रुपए दिन के हिसाब से देने की बात हुई, लेकिन वो भी नहीं दिया गया. केवल इतना खाना दिया जा रहा है कि हम उसे खाकर जिंदा रह सकें।

### घर जाने के एवज में ठेकेदार करता है पांच लाख रुपए की मांग

गोपाल ने बताया कि ठेकेदार न तो घर वापस आने दे रहा है और न उन्हें मजदूरी दे रहा है. जब हमने घर वापस जाने की गुहार लगाई तो उसने 5 लाख रुपए की मांग की. ठेकेदार जान से मार डालने की धमकी भी देता है. कहता है कोई घर जाने को बोलेगा तो सीधे ऊपर जाएगा। गोपाल ने बताया कि कर्नाटक में बीजापुर रेलवे स्टेशन के पास डाबरी ग्राम है. वहां पर माता का एक मंदिर बना हुआ है. वहीं पर खेतों में मजदूरी कराई जा रही है मजदूरों ने गुहार लगाई है कि उन्हें जल्द से जल्द रिहा कराया जाए उसने एक वीडियो अपने गांव के सरपंच को भेजा है वीडियो में मासूम बच्चे और बच्चियां भी दिख रहे हैं।

### प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि ग्राम मोहड़ तहसील तेंदूखेड़ा के कुछ नागरिक कर्नाटक राज्य के बीजापुर जिले के ग्राम डाबरी में फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन को जैसे ही इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई त्वरित रूप से संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर कोचर ने बताया इन नागरिकों से संपर्क स्थापित हो चुका है और उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा भी इन नागरिकों से संपर्क कर उनकी स्थिति की जानकारी ली जा चुकी है।

### क्यो बोले रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत मोहड़ के सहायक सचिव राघवेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि हमारी पंचायत के आदिवासी समाज के लोग हैं, जो मजदूरी करने के लिए दलाल के माध्यम से कर्नाटक गए थे। वहां जाकर फंस गए हैं। ये लोग किसी के कहने पर पहली बार दूसरे राज्य या शहरो में मजदूरी करने गए हैं। उनको किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं थी, लेकिन प्रशासन की पहल के कारण मुझे पता चला है कि सभी मजदूरों की वापसी हो रही है। इसके अलावा उन लोगों से मेरी बात भी हुई है।

लगातार 12 वर्षों से चुनरी यात्रा में भक्ति उत्साह के साथ शामिल हो रहे श्रद्धालु

# खेरमाई दरबार में 251 फुट की चुनरी चढ़ाई



**सिंग्रामपुर।** ग्राम की प्रसिद्ध महामाई खेरमाता दरबार शारदीय नवरात्रि के चलते भक्तों की भीड़ बढ़ रही है सुबह सुबह जहां श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। वही संध्याकालीन महाआरती में मां आरती उतारने आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। आज सिंग्रामपुर में प्राचीन खेरमाई को में भक्तों द्वारा 251 फुट की चुनरी चढ़ाई और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। चुनरी यात्रा रानी दुर्गावती तिराहा पोडी तिराहा मुख्य बाजार होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर में यात्रा का भव्य समापन किया गया। ग्रामवासियों राजू राय, दीपक यादव, प्रभु पटेल ने बताया की माता के दरबार में प्रतिवर्ष अनुसार शारदीय नवरात्रि के चलते महामाई के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से शाम तक तांता लगा रहता है दूरदराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं मान्यता है ग्राम के खेर माता दरवार झोली फैलाने वाले हर श्रद्धालु की झोली सुख समृद्धि से भर देते हैं यही बजह है मां के प्रति अटल श्रद्धा भक्ति के चलते मां दरवार भक्तों की भारी भीड़ नवरात्रि पर्व में बनी रहती है सायकालीन खेर माता दरबार में महाआरती का कार्यक्रम रखा गया।